लाडली लक्ष्मी उत्सव

चर्चा में क्यों?

19 अप्रैल, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों को राज्य स्तरीय लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के लिये सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।

प्रमुख बिंदु

- लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन 2 मई को राजधानी भोपाल में किया जाएगा। इसमें लाडली लक्ष्मी योजना की हितग्राही बालिकाओं को आमंत्रित किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम में बालिकाओं को ड्राइविंग लाइसेंस देने और ‘माँ तुझे प्रणाम योजना’ में चयनित बालिकाओं को देश की सीमाओं की भ्रमण यात्रा के लिये रवाना किया जाएगा।
- इसके अतिरिक्त प्रदेश भर में 3 से 11 मई की अवधि में पंचायत स्तर पर भी उत्सव आयोजित होगा। इसमें विभिन्न ज़िलों में स्थानीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों, जैसे- बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, फॉलिक एसिड टेबलेट्स वितरण, रंगोली एवं अन्य स्पर्द्धाओं के साथ खेलकूद आदि से लाडली लक्ष्मियों को जोड़ा जाएगा।
- गौरतलब है कि प्रदेश में लाडली लक्ष्मी योजना का प्रारंभ 1 अप्रैल, 2007 से बालिकाओं के सशक्तीकरण हेतु किया गया था। इस योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों, जैसे- लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के विकास, बालिकाओं के शैक्षणिक स्तर के उन्नयन और स्वास्थ्य में सुधार आदि की प्राप्ति में यह अत्यधिक उपयोगी सिद्ध हुई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ladli-laxmi-utsav-1